### EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30 SEPTEMBER 2026

(₹ in lakhs, except per equity share data)

| PARTICULARS | STANDALONE | | CONSOLIDATED | |
|---|---|---|---|---|
| | Q2 FY27 | H1 FY27 | Q2 FY27 | H1 FY27 |
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited |
| Revenue from Operations | 5,794.12 | 10,660.84 | 5,799.98 | 10,660.84 |
| Total Income | 5,935.98 | 10,911.52 | 5,979.81 | 10,913.60 |
| Profit Before Tax and Exceptional Item | 1,291.49 | 2,286.97 | 1,257.84 | 2,252.61 |
| Exceptional Item (Gain on Sale of Investment) | 1,022.64 | 1,022.64 | 1,022.64 | 1,022.64 |
| Profit Before Tax (After Exceptional Item) | 2,314.13 | 3,309.61 | 2,280.48 | 3,275.25 |
| Profit After Tax (Attributable to Owners) | 1,860.97 | 2,536.57 | 1,825.76 | 2,500.65 |
| Earnings Per Share - Basic (₹) | 7.61 | 10.37 | 7.46 | 10.22 |
| Earnings Per Share - Diluted (₹) | 6.44 | 8.78 | 6.32 | 8.65 |

**NOTES:**

1. The above is an extract of the unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and half year ended 30th September 2026, pursuant to Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.
2. The results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors on 14th November 2026. The Statutory Auditors have carried out a limited review.
3. The exceptional item of ₹1,022.64 lakhs (net of tax) and gross ₹1,203.11 lakhs represents profit on sale of investment in equity shares of Chandan Pharmacy Limited.
4. The complete financial results (including the Statement of Assets and Liabilities, Cash Flow Statement and Limited Review Reports) can be accessed on the Company's investor webpage and the NSE website.

SCAN TO ACCESS FINANCIAL RESULTS www.chandandiagnostic.com/investors.php

For and on behalf of the Board of Directors **CHANDAN HEALTHCARE LIMITED**

Sd/-

**Amar Singh**

Managing Director (DIN: 01096328)

Place: Lucknow

Date: 16th November 2026

**Form No. INC-26**

[Pursuant to Rule 30 of the Companies (Incorporation) Rules, 2014]

BEFORE THE REGIONAL DIRECTOR NORTHERN REGION DIRECTORATE II MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS GOVERNMENT OF INDIA CHANDIGARH

In the matter of sub- section (4) of Section 13 of the Companies Act, 2013 and clause (a) of sub-rule (5) of rule 30 of the Companies (Incorporation) Rules, 2014

AND

In the matter of **JUNGLEWORKS SOFTWARE PRIVATE LIMITED** having its registered office at **1ST FLOOR, PLOT No. 25, INDUSTRIAL AREA, PHASE 1, CHANDIGARH, INDIA, 160002.** ............**Petitioner**

**NOTICE** is hereby given to the General Public that the Company proposes to make an application to the Central Government through the Regional Director, Northern Region Directorate II, Ministry of Corporate Affairs, Chandigarh, under Section 13 of the Companies Act, 2013 seeking confirmation of the alteration of the Memorandum of Association of the Company in terms of the Special Resolution passed at the Extraordinary General Meeting of the Company held on **Wednesday 11th November 2026**, to enable the Company to shift its Registered Office from the **UNION TERRITORY CHANDIGARH TO THE STATE OF PUNJAB.".**

Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change of the Registered Office of the Company may deliver his/her objections through the **MCA-21 Portal (www.mca.gov.in) by filing the Investor Complaint Form** or send the objections by Registered Post together with an Affidavit stating the nature of his/her interest and the grounds of opposition to the **Regional Director, Northern Region Directorate II, Ministry of Corporate Affairs, Chandigarh,** within **fourteen (14) days** from the date of publication of this notice on **17th November, 2026,** with a copy to the Applicant Company at its **Registered Office at the address mentioned Above.**

For **JUNGLEWORKS SOFTWARE PRIVATE LIMITED**

sd/-

**Date** : 17/11/2026 **PARKASH CHAND SINGLA**

**Place**: Chandigarh **DIRECTOR**

**DIN: 00586817**

**HOUSE NUMBER 1 SINGLA FARM DOCTOR FARM GURHA MULLANPUR SAS NAGAR MULLANPUR, PUNJAB, INDIA -140901**

**IDBI BANK**

## IDBI BANK LIMITED

**CIN: L65190MH2004GOI148838**

**Office Premises Required at Hazratganj, Lucknow**

Bank desires to acquire on long lease, commercially approved office premises for banking activities for various location as per details mentioned below:

| Branch Location | Carpet Area required | Application to be submitted to |
|---|---|---|
| HAZRATGANJ & NEARBY VICINITY | Around 1500-2000 sqft. (including onsite ATM) | **Shri Manoj Kumar Gupta,** GM and Senior Regional Head, Lucknow Region, IDBI Bank Limited. First Floor, Jahangirabad Palace 12, Rani Laxmibai Marg, Hazratganj, Lucknow, Uttar Pradesh, Pin: 226001 |

The premises should be located strategically on the main road preferably on Ground Floor having good frontage, visibility, adequate power supply and parking facility. Interested parties owning suitable premises may apply to address mentioned in front of respective location within 10 days. **Applications received by 6:00 pm on or before 27th November, 2026 will only be accepted.** The applications should be made as per the **"Instructions / Guidelines for submitting the offer".** Estate agents offering premises should submit their offers with full details along with authorization letters from landlords. No brokerage will be paid by the Bank. IDBI Bank Ltd reserves the right to accept or reject any or all the offers without assigning any reasons thereof. The offered premises must be a commercially approved building; offers for non-commercial premises shall not be considered. Performa and other details can be downloaded from our website.

**Place: Lucknow, Date: 17.11.2026** **Zonal Head, Lucknow Zone**

# कानपुर : पांच मंजिला इमारत में लगी आग, दो लोगों की मौत

## दमकलकर्मियों ने आठ लोगों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया

कानपुर, 16 नवंबर (भाषा)।

कानपुर में सोमवार तड़के एक पांच मंजिला अपार्टमेंट में भीषण आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। आग के बाद पूरी इमारत में धुआं भर जाने से दर्जनों लोग अंदर फंस गए। कुछ लोगों ने जान बचाने के लिए बालकनी से छलांग लगा दी, जबकि कई अन्य साड़ियों, धोतियों और चादरों को रस्सी की तरह इस्तेमाल कर बगल की इमारत में उतरने की कोशिश करते नजर आए। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि आग सोमवार सुबह करीब साढ़े चार बजे पीलीखाना थाना क्षेत्र के रामनारायण बाजार स्थित राधिका अपार्टमेंट में लगी।



हादसे के बाद विलाप करते परिजन।

**स्थानीय** लोगों के मुताबिक, अपार्टमेंट में कुल 12 फ्लैट हैं और यहां करीब 50 से 60 लोग रहते हैं। लगभग दो साल पहले बनी इस इमारत में बाहर निकलने के लिए केवल एक संकरी सीढ़ी है। इसके अलावा इमारत करीब छह से सात फुट चौड़ी गली में स्थित है, जिससे बचाव कार्य में काफी मुश्किल हुई।

अग्निशमन विभाग के नियंत्रण कक्ष को सुबह 4.54 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद लाटूश रोड और कर्नलगंज अग्निशमन केंद्रों से दमकल की गाड़ियां और टीमें मौके पर भेजी गईं। उन्होंने बताया कि आग अपार्टमेंट के भूतल पर स्थित पार्किंग क्षेत्र में लगी थी, जहां कई दोपहिया वाहन खड़े थे। आग की लपटों ने पार्किंग को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया और देखते ही देखते पूरी इमारत में घना धुआं भर गया। मृतकों की पहचान राखी साहू (48) और प्रांजुल बाथम (15) के रूप में हुई है। पुलिस आयुक्त के अनुसार, प्रांजुल की आग में झुलसने से मौत हो गई, जबकि राखी तीसरी मंजिल से नीचे कूद गईं और वहां खड़े वैभव गुप्ता पर गिर पड़ीं। इस घटना में राखी की मौत हो गई, जबकि वैभव गंभीर रूप से घायल हो गए।

वैभव की रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई है। उन्हें इलाज के लिए लाला लाजपत राय अस्पताल के न्यूरोलाजी विभाग में भेजा गया है। उर्सला अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार, हादसे के बाद चार लोगों को अस्पताल लाया गया था, जिनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया। प्रांजुल की मां नीता करीब 40 फीसद झुलस गई हैं और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वैभव और दो अन्य घायलों का भी इलाज किया जा रहा है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि दमकलकर्मियों ने इमारत में फंसे आठ लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। सहायक पुलिस आयुक्त (कोतवाली) अमित पांडे ने बताया कि कुछ लोग बगल के मकानों की दीवारों के सहारे बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि अन्य को दमकलकर्मियों ने बचाया। बचाए गए लोगों में महिलाएं, बच्चे और एक बुजुर्ग भी शामिल हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, अपार्टमेंट में कुल 12 फ्लैट हैं और यहां करीब 50 से 60 लोग रहते हैं। लगभग दो साल पहले बनी इस इमारत में बाहर निकलने के लिए केवल एक संकरी सीढ़ी है। इसके अलावा इमारत करीब छह से सात फुट चौड़ी गली में स्थित है, जिससे बचाव कार्य में काफी मुश्किल हुई।

बगल में स्थित दो मंजिला मकान कई लोगों के लिए बाहर निकलने का रास्ता बना। लोगों ने लकड़ी के तख्तों और कपड़ों की मदद से एक इमारत से दूसरी इमारत तक पहुंचकर अपनी जान बचाई। अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल पर रहने वाले महेश तिवारी ने बताया कि शोर सुनकर उनकी नींद खुली। दरवाजा खोलते ही उन्हें चारों ओर धुआं और आग दिखाई दी। उन्होंने कहा, 'हमारे पास बगल की इमारत से बाहर निकलने के अलावा कोई रास्ता नहीं था। हमने तीसरी मंजिल से दूसरी मंजिल पर उतरने के लिए धोती का इस्तेमाल किया और फिर लकड़ी के तख्ते की मदद से बगल की छत पर पहुंच गए।'

# पाकिस्तान के आतंकी संगठन से जुड़े चार बदमाश गिरफ्तार

बरेली, 16 नवंबर (जनसत्ता)।

थाना बहेड़ी की पुलिस और एसओजी की संयुक्त कार्रवाई में आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि मामले की गहराई से जांच कराने के लिए एसआइटी का गठन किया गया है, ताकि गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों का पता लगाया जा सके।

**आरोपी** चला रहे थे अवैध शस्त्र निर्माण फैक्टरी, अग्रिम जांच के लिए एसआइटी गठित।

एसएसपी ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अचानक छापेमारी करके थाना बहेड़ी क्षेत्र के गन्ना उत्पादक महाविद्यालय के पास एक खंडहरनुमा मकान में चल रही अवैध शस्त्र फैक्टरी पकड़ी है। इस कारखाने का संचालन कर रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को चकमा देकर दो आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश में दबिशें डाली जा रही हैं। पकड़े गए दो आरोपियों में बहेड़ी थाना क्षेत्र के निवासी सुखराज सिंह, शानू मियां, पीलीभीत के थाना माधोटांडा क्षेत्र के निवासी जसनूर और रामपुर के थाना बिलासपुर क्षेत्र के निवासी जीवनदीप सिंह शामिल हैं। पुलिस की पूछताछ में आरोपी सुखराज ने बताया कि वह इंस्टाग्राम के माध्यम से पाकिस्तान के आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान से जुड़े अजमल गुर्जर से बातचीत करता है।

# सर्राफा बाजार में चोरी के बाद दारोगा समेत तीन निलंबित

उरई, 16 नवंबर (जनसत्ता)।

कस्बा रामपुरा स्थित सर्राफा बाजार में रात्रि गश्त के दौरान हुई चोरी की घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक जालौन ने सख्त कार्रवाई की है। घटना के समय ड्यूटी पर तैनात उपनिरीक्षक जगदीश, आरक्षी अनिल कुमार एवं आरक्षी रामकेश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। तीनों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही भी प्रारंभ कर दी गई है।

पुलिस विभाग के प्रेस नोट के अनुसार दिनांक 14 नवंबर को थाना रामपुरा पर तैनात उक्त तीनों पुलिसकर्मियों की ड्यूटी सर्राफा बाजार में रात्रि गश्त के लिए लगाई गई थी। इसी दौरान बाजार में चोरी की घटना होने की सूचना मिली। पुलिस का मानना है कि यदि संबंधित कर्मचारियों ने अपनी ड्यूटी का पूर्ण निर्वहन किया होता, तो यह घटना रोकी जा सकती थी। ड्यूटी के दौरान लापरवाही, उदासीनता एवं स्वेच्छाचारिता बरतने का आरोप लगाया गया है। पुलिस अधीक्षक ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की दंड एवं अपील नियमावली-1991 के नियम 17(1) 'क' के तहत तीनों कर्मचारियों को निलंबित किया है। निलंबन अवधि में उन्हें पुलिस लाइन, उरई में रहना होगा। बिना अनुमति या अवकाश के मुख्यालय से बाहर जाना उनके लिए प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि रात्रि गश्त एवं पिकेट ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य है। सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और जनता की संपत्ति की रक्षा के लिए ड्यूटी में पूरी गंभीरता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर कोना

### जमीनी विवाद में महिला के साथ छेड़छाड़ व मारपीट, आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मोदीनगर, 16 नवंबर (जनसत्ता)।

भोजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में जमीनी विवाद के चलते महिला के साथ छेड़छाड़ की गई। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और फसल को नष्ट कर दिया। कोर्ट के आदेश पर आठ लोगों के खिलाफ भोजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, महिला के गांव में खेत हैं। गांव के ही कुछ लोगों से उनका जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। कुछ दिन पहले आरोपियों ने जमीन कब्जाने की नीयत से महिला की खेत में फसल को नष्ट कर दिया। जानकारी होने पर महिला मौके पर पहुंची और विरोध करने लगी। इसपर आरोपियों ने उसके साथ छेड़छाड़ की और मारपीट कर उसे बेहोश कर दिया। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता ने कोर्ट का सहारा लिया। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर गांव निवासी अजित, उसका पुत्र मनोज, राजेंद्र, सोनू, सुच्चे, श्रीओम, संजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### हापुड़ : गंगा मेले में भैंसा दौड़ आयोजन के दो मामलों में मुकदमा दर्ज

हापुड़, 16 नवंबर (जनसत्ता)।

कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले में पशु क्रूरता अधिनियम व भैंसा दौड़ के दो मामलों में पुलिस ने मुकदमें दर्ज किए हैं। जबकि रेंज के डीआइजी कलानिधि नैथानी के निर्देशानुसार मेले में पशु दौड़ के दौरान आयोजक भैंसों पर अत्याचार करते हैं। बेजुबान जानवर पर मारपीट व क्रूरता होने के कारण रास्ते में अनहोनी होने की आशंका रहती है। कई बार गंभीर हादसे भी हो जाते हैं। इस दौड़ में हार जीत पर भारी रकम लगती है। झगड़े फसाद व गोलियों तक कई बार चली है। इसलिए दौड़ पूर्णता प्रतिबंधित है। गढ़मुक्तेश्वर सीओ राहुल यादव ने बताया कि रात्रि में भैंसा दौड़ कर रहे युवकों को रोककर कार्रवाई की गई है। कस्बा इचार्ज आलोक कुमार की तहरीर पर बाबूगढ क्षेत्र के रसूलपुर के विवेक को बेजुबान पशुओं को पीटते हुए पकड़ा गया जबकि चार साथी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर फरार हो गए पांच छोटी बुग्गियों को जब्त किया गया है।

### मोदीनगर : मामूली विवाद में घर में घुसकर युवक पर हमला, गंभीर रूप से घायल

मोदीनगर, 16 नवंबर (जनसत्ता)।

कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सीकरी फाटक कालोनी में तुलसी के पौधे को पैरों से कुचलने का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि पड़ोसी ने पहले विवाद किया और फिर चाकू लेकर घर में घुसकर युवक पर हमला कर दिया। डंडे से वार कर उसका सिर फोड़ दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। आरोपी दूसरे समुदाय से जुड़ा है। कालोनी निवासी प्रमोद कुमार के अनुसार, रविवार रात उनके आंगन में लगे तुलसी के पौधे को पड़ोस में रहने वाला दूसरे समुदाय का व्यक्ति पैरों से कुचल रहा था। उन्होंने इसका विरोध किया तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। उस समय मामला शांत हो गया, लेकिन आरोप है कि कुछ देर बाद ही पड़ोसी चाकू लेकर अचानक उनके घर में घुस आया और उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इसी दौरान डंडे से सिर पर वार कर उन्हें घायल कर दिया। आरोप है कि इस घटना से उनकी धार्मिक भावनाएं भी आहत हुई हैं।


**चंदन हेल्थकेयर लिमिटेड**

Chandan

सीआईएन: L85110UP2003PLC193493

पंजीकृत कार्यालय पता: बायोटेक पार्क, सेक्टर-जी, जानकीपुरम, कुर्सी रोड, लखनऊ-226021

फोन नंबर: 8069366666 ईमेल: secretarial@chandan.co.in; www.chandandiagnostic.com

**30 सितंबर 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के अनअंकेक्षित एकल और समेकित वित्तीय परिणामों का सार**

(₹ लाख में, प्रति इक्विटी शेयर डेटा को छोड़कर)

| विवरण | एकल | | समेकित | |
|---|---|---|---|---|
| | Q2 FY27 | H1 FY27 | Q2 FY27 | H1 FY27 |
| | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित |
| परिचालन से राजस्व | 5,794.12 | 10,660.84 | 5,799.98 | 10,660.84 |
| कुल आय | 5,935.98 | 10,911.52 | 5,979.81 | 10,913.60 |
| कर और असाधारण मद से पहले लाभ | 1,291.49 | 2,286.97 | 1,257.84 | 2,252.61 |
| असाधारण मद (निवेश की बिक्री पर लाभ) | 1,022.64 | 1,022.64 | 1,022.64 | 1,022.64 |
| कर से पहले लाभ (असाधारण मद के बाद) | 2,314.13 | 3,309.61 | 2,280.48 | 3,275.25 |
| कर के बाद लाभ (मालिकों के लिए देय) | 1,860.97 | 2,536.57 | 1,825.76 | 2,500.65 |
| प्रति शेयर आय - मूल (₹) | 7.61 | 10.37 | 7.46 | 10.22 |
| प्रति शेयर आय - तनुकृत (₹) | 6.44 | 8.78 | 6.32 | 8.65 |

**टिप्पणियाँ**

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अनुसार 30 सितंबर 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के अनअंकेक्षित एकल और समेकित वित्तीय परिणामों का सार है।
2. इन परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति (ऑडिट कमेटी) द्वारा की गई और 14 नवंबर 2026 को निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया। वैधानिक लेखापरीक्षकों ने इनकी सीमित समीक्षा (लिमिटेड रिव्यू) की है।
3. ₹1,022.64 लाख (कर पश्चात) और सकल ₹1,203.11 लाख की असाधारण मद चंदन फार्मेसी लिमिटेड के इक्विटी शेयरों में निवेश की बिक्री पर हुए लाभ को दर्शाती है।
4. संपूर्ण वित्तीय परिणाम (संपत्ति और देनदारियों के विवरण, नकदी प्रवाह विवरण और सीमित समीक्षा रिपोर्ट सहित) कंपनी के निवेशक वेबपेज और एनएसई (NSE) की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।

वित्तीय परिणाम देखने के लिए स्कैन करें
www.chandandiagnostic.com/investors.php

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से
चंदन हेल्थकेयर लिमिटेड
हस्ताक्षरित/-
अमर सिंह
प्रबंध निदेशक (DIN: 01096328)

स्थान: लखनऊ
दिनांक: 16 नवंबर 2026


# हत्या करने के दो आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

बरेली,16 नवंबर (जनसत्ता)।

थाना आंवला क्षेत्र में सरेआम गोलीबारी करके एक युवक की हत्या करने के दो आरोपियों को पुलिस ने सोमवार को मुठभेड़ में घायल करके गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण (दक्षिणी) अंशिका वर्मा ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान दारोगा सहित दो पुलिसकर्मी भी बदमाशों की गोली से जख्मी हुए हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो अवैध तमंचे, चार जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस और घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण (दक्षिणी) अंशिका वर्मा ने बताया कि रविवार देर रात लगभग दस बजे अशरफ और उनका बेटा अकरम फार्म हाउस से लौट रहे थे। रास्ते में कस्बे की बगिया के पास मोटरसाइकिल से आए तौफीक और उसके दो साथियों ने गोलीबारी करके पिता पुत्र दोनों को जख्मी कर दिया। सिर में गोली लगने के कारण अकरम (22) की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। विवेचना के दौरान मुख्य आरोपी तौफीक के दो साथियों अशफाक और विकास यादव का खुलासा हुआ है।

### मुजफ्फरनगर : लूटपाट के दो आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 16 नवंबर (जनसत्ता)।

दूसरे जनपदों में लूट की वारदातों को अंजाम देकर फरार होने वाले दो आरोपियों को नई मंडी पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

मुठभेड़ में चंडीगढ़ निवासी आरोपी विकास गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके साथी राहुल को पुलिस ने कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया। क्षेत्राधिकारी राजू साव के अनुसार, दोनों आरोपियों ने चंडीगढ़ से मुजफ्फरनगर पहुंचकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। वारदात के बाद वे फरार होने की तैयारी में थे। पुलिस से मुठभेड़ के दौरान विकास घायल हो गया, जबकि राहुल मौके से भाग निकला। पुलिस ने तलाश अभियान चलाकर उसे भी पकड़ लिया।

# विवादित जमीनों पर कब्जा कराने वाले 20 लोग गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 16 नवंबर (जनसत्ता)।

खादर क्षेत्र में विवादित जमीनों पर अवैध कब्जा करने और कराने वाले गिरोह का भोपा पुलिस ने पर्दाफाश किया है।

**आरोपियों** में 16 छात्र शामिल, हथियारों का जखीरा और तीन वाहन बरामद।

पुलिस ने आपरेशन कवच के तहत कार्रवाई करते हुए कुख्यात सुरेंद्र निवासी मंगलौर और गौरव निवासी भोकरहेड़ी समेत 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि गिरफ्तार आरोपियों में 16 छात्र हैं, जो विभिन्न डिग्री कालेजों में बीटेक सहित अन्य पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कर रहे हैं। एसपी देहात महादिक अक्षय संजय ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि गिरोह विवादित जमीनों पर कब्जा कराने के लिए युवाओं को अपने साथ जोड़ता था। आरोप है कि जमीनों पर कब्जे के दौरान दबंगई और हथियारों का इस्तेमाल किया जाता था। गिरफ्तार छात्रों की भूमिका और गिरोह से उनके जुड़ाव की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छह तमंचे, एक पिस्तौल, एक पोनिया राइफल, एक दोनाली बंदूक और एक अन्य राइफल बरामद की है।

### कुशीनगर : पुल निर्माण में अव्यवस्था बनी राहगीरों के लिए मुसीबत

कुशीनगर,16 नवंबर (जनसत्ता)।

कुशीनगर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर रज्जब पिपरा से गड़हिया मोड़ होते हुए छोटे ओवरब्रिज तक पुल का निर्माण राहगीरों के लिए मुसीबत बन गया है।

मुख्य लेन बाधित होने से वाहनों का दबाव सर्विस लेन पर बढ़ गया है। 12 से अधिक कट खुले हैं। न तो पर्याप्त बैरिकेडिंग की गई है और न ही रात में वाहन चालकों को सतर्क करने के लिए रिफ्लेक्टर और चेतावनी संकेतक लगाए गए हैं। फाजिलनगर में स्थिति ज्यादा गंभीर है। निर्माण के बीच लोगों ने अपनी सुविधा के अनुसार कई जगह रास्ते बना लिए हैं।


**केन फिन होम्स लि.**

# 25/24 एवं 25/25, प्रथम तल, कैनरा बैंक के ऊपर, सागर मार्केट, करांची खाना, निकट नया गंज मेट्रो स्टेशन, कानपुर नगर, यू.पी. पिन-208001 मोबाइल सं : +91-7625079219 ई-मेल: kanpur@canfinhomes.com CIN: L85110KA1987PLC008699

**मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सरफासी ऐक्ट) की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (नियमावली) के नियम 3(1) के अधीन**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने, केन फिन होम्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, सरफासी ऐक्ट के अधीन और उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचना जारी की थी, जिसमें यहां नीचे सूचीबद्ध कर्जदारों/गारंटरों (इसमें आगे "उक्त कर्जदार" कहे गए हैं) से, सूचना में वर्णित राशियां, जिसका विवरण नीचे दिया गया है, सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी। उक्त सूचनाएं डाक अधिकारियों द्वारा अवितरित के रूप में लौटा दी गई हैं/कर्जदारों द्वारा सम्यक् प्राप्त नहीं की गई हैं। अतएव कम्पनी पूर्ण सावधानी के साथ यह मांग सूचना प्रकाशित करवा रही है (नियम 3(1) के प्रावधानों के अनुसार)। अधोहस्ताक्षरी द्वारा, अतएव, ये सूचनाएं, उक्त अधिनियम के अनुसार, उक्त कर्जदारों के अंतिम ज्ञात पतों के परिसर पर चस्पा करवा दी गई हैं।

**संबंधित पार्टियों द्वारा ऋण की सम्यक् वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में, निम्नलिखित आस्तियां कम्पनी के पास बंधक रखी गई हैं।**

| क्र. सं. | कर्जदारों/गारंटरों का नाम एवं पता | मांग सूचना के अनुसार दावित राशि* | प्रतिभूति आस्तियों का वर्णन | एनपीए की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **1) श्री फैजीम,** पुत्र उस्मान (उधारकर्ता), **2) श्रीमती नाजनीन बेगम,** पत्नी फैजेम (सह-उधारकर्ता) पहला पताः - आवासीय निजी प्लॉट संख्या 9ए, आराजी संख्या 117 का हिस्सा, (क्षेत्रफल - 50 वर्ग गज), ग्राम - दहेली सुजानपुर, तहसील व जिला - कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश, पिन - 208013। दूसरा पताः - भवन संख्या - 132/220, बाबू पुरवा, टी.पी. नगर, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश, पिन - 208023 **गारंटरः - श्री कयामउद्दीन,** पुत्र अनुलहक, भवन संख्या 260, मोती नगर, जाजमऊ, तहसील व जिला - कानपुर, उत्तर प्रदेश, पिन - 208010। | **रु. 10,28,870.00** (रुपए दस लाख अट्ठाईस हजार आठ सौ सत्तर मात्र) मांग सूचना दिनांक **03.11.2026** के अनुसार | आवासीय निजी प्लॉट संख्या 9ए, आराजी संख्या 117 का भाग (क्षेत्रफल - 50 वर्ग गज), ग्राम - दहेली सुजानपुर, तहसील व जिला - कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश - पिनः 208013 **संपत्ति की सीमाएं इस प्रकार हैंः - पूर्व में:** प्लॉट संख्या 09, **पश्चिम में:** प्लॉट संख्या 08, **उत्तर में:** अन्य आराजी, **दक्षिण में:** 4.88 मीटर चौड़ी सड़क | 29.10.2026 |
| 2. | **1) श्री. दीपेंद्र** पुत्र उदयवीर (उधारकर्ता) **2) श्री उदयवीर** पुत्र रामनारायण (सह-उधारकर्ता), **पहला पताः**- आवासीय सम्पत्ति प्लॉट नंबर 15 ए, आराजी नंबर का भाग 955, (क्षेत्रफल माप- 50 वर्ग गज) ग्राम- जरौली, तहसील एवं जिला -कानपुर नगर, उ.प्र. -पिन-208027 **दूसरा पताः**- ग्राम-भगौनापुर, पोस्ट-मिस्सी, सेलावां, जिला-फतेहपुर, उ.प्र. पिन-212657। **गारंटरः- श्री बीपेन्द्र सिंह** पुत्र राजेश कुमार, मोहल्ला- राजेन्द्र नगर, पुखरायां, कानपुर देहात, उ.प्र. पिन-209111 | **रु. 8,64,377.00** (रुपए आठ लाख चौंसठ हजार तीन सौ सतहत्तर मात्र) मांग सूचना दिनांक **03.11.2026** के अनुसार | आवासीय निजी प्लॉट संख्या 15ए, आराजी संख्या 955 का भाग (क्षेत्रफल - 50 वर्ग गज), ग्राम - जरौली, तहसील व जिला - कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश - पिनः 208027 **संपत्ति की सीमाएं इस प्रकार हैंः - पूर्व में:** प्लॉट संख्या 06, **पश्चिम में:** 18 फीट चौड़ी सड़क, **उत्तर में:** प्लॉट संख्या 15, **दक्षिण में:** अन्य आराजी | 29.10.2026 |
| 3. | **1) श्री चन्द्र शेखर** पुत्र गुलाब चन्द्र (उधारकर्ता), **2) श्रीमती मनीषा** पत्नी चंद्र शेखर (सह-उधारकर्ता), **पहला पताः** - मकान नंबर ई-19/14, ईडब्ल्यूएस, (क्षेत्रफल माप- 27.20 वर्ग मीटर) स्कीम सं. 39, गंगापुर मचरिया, तहसील और जिला। -कानपुर नगर, उ.प्र. -पिन-208011 **दूसरा पताः** - मकान नंबर - 274, एलआईजी -2, गंगापुर कॉलोनी, यशोदा नगर, किदवई नगर, कानपुर, यूपी पिन - 208011 **गारंटरः - श्री लक्ष्मीकांत तिवारी** पुत्र राम दत्त, ईडब्ल्यूएस मकान नंबर - 19/14, गंगापुर, किदवई नगर, कानपुर नगर, यूपी पिन - 208011 | **रु. 9,83,185.00** (रुपए नौ लाख तिरासी हजार एक सौ पचासी मात्र) मांग सूचना दिनांक **03.11.2026** के अनुसार | मकान नंबर ई-19/14, EWS, (क्षेत्रफल - 27.20 वर्ग मीटर), स्कीम नंबर 39, गंगापुर मच्छरिया, तहसील और जिला - कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश - पिनः 208011 **संपत्ति की सीमाएं इस प्रकार हैंः - पूर्व में:** 4.50 मीटर चौड़ी सड़क, **पश्चिम में:** मकान नंबर ई-19/19, **उत्तर में:** मकान नंबर ई-19/15, **दक्षिण में:** मकान नंबर ई-19/13 | 29.10.2026 |

***उपरिवर्णित तिथि से भुगतान की तिथि तक, सहमत संविदात्मक दरों पर, आगे ब्याज तथा अन्य शुल्क के साथ देय।**

एतद्द्वारा आपसे उपरोक्त राशि का भुगतान उस पर संविदा दर पर ब्याज सहित इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की जाती है, जिसमें विफल रहने पर अधोहस्ताक्षरी सरफासी ऐक्ट के अधीन उपरोक्त प्रतिभूति प्रवर्तित करने के लिए कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु बाध्य होगा। इसके अतिरिक्त कर्जदारों/गारंटरों का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

तिथिः 16.11.2026, स्थानः कानपुर — हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, केन फिन होम्स लिमिटेड



ADITYA BIRLA CAPITAL

**आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : इंडियन रेयन कम्पाउण्ड, वेरावाल, गुजरात - 362 266.

कार्पोरेट कार्यालय : आर टेक पार्क, 12वां तल, निर्लोन कॉम्प्लेक्स, ऑफ वेस्टर्न एक्सप्रेसवे, गोरेगांव ईस्ट, मुंबई-400 063

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के संबंध में 15 दिन का नीलामी बिक्री नोटिस

राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण - अहमदाबाद द्वारा 24-03-2025 को पारित आदेश में विधिवत दर्ज समामेलन योजना दिनांकित 11-03-2024 के माध्यम से आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड और आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड के बीच समामेलन के आधार पर, नीचे वर्णित ऋण खाते और बंधक सम्पत्ति के संबंध में आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आरंभ की गई/आरंभ की जाने वाली सभी सरफासी कार्रवाइयां, समामेलित कम्पनी, आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड को हस्तांतरित की जा चुकी हैं।

तदनुसार आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्नलिखित कर्जदारों और सह-कर्जदारों से नीचे उल्लिखित बकाया राशि आगे के शुल्क और लागत के साथ सुरक्षित लेनदार के सुरक्षित ऋणों की वसूली के लिए, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफासी ऐक्ट) की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित प्रतिभूत संपत्तियों का कब्जा ले लिया है। सर्वसाधारण और विशेष रूप से कर्जदारों और सह-कर्जदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड की बकाया राशि चुकाने के लिए नीचे दी गई सम्पत्ति की ई-नीलामी "जैसी है जहाँ है", "जैसी है जो है" और "जो कुछ भी है वहां है" के आधार पर होगी।

| क्र. | ऋणकर्ता(ओं) का नाम तथा पता | मांग सूचना तिथि एवं एनपीए तिथि | अचल संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 1. मैसर्स श्री गणपति रेजिन, इसके प्रोपराइटर संदीप कुमार के माध्यम से, 45, काशी विहार, सी गौघाट, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226003 इसके अलावा यहाँ भीः मैसर्स श्री गणपति रेजिन, इसके प्रोपराइटर संदीप कुमार के माध्यम से, खसरा नंबर-432, ग्राम सयापुर ब्लॉक, भरवां गोवा संडीला, हरदोई, उत्तर प्रदेश-241204। इसके अलावा यहाँ भीः मैसर्स श्री गणपति रेजिन, इसके प्रोपराइटर संदीप कुमार के माध्यम से, प्लॉट नंबर-21 और 22, खसरा नंबर-773 मिनजुमला, ग्राम-मोरा, लखनऊ 227107, उत्तर प्रदेश 2. श्री संदीप कुमार, पुत्र श्री गिरजा शंकर, 454/150, काशी विहार आंशिक, लखनऊ-226003, उत्तर प्रदेश, मोबाइल-7080401581, ईमेल- **sandeepkumar1969sn@gmail.comA** इसके अलावा यहाँ भीः श्री संदीप कुमार, पुत्र श्री गिरजा शंकर, प्लॉट नंबर-21 और 22, खसरा नंबर-773 3. श्रीमती निशा देवी, पत्नी संदीप कुमार, 454/150, काशी विहार आंशिक, लखनऊ-226003, उत्तर प्रदेश, मोबाइलः 9936761995। साथ ही यहाँ भीः श्रीमती निशा देवी, पत्नी संदीप कुमार, प्लॉट नंबर 21 और 22, खसरा नंबर 773, मिनजुमला, ग्राम - मोरा, लखनऊ-227107, उत्तर प्रदेश ऋण खाता सं. **ABLNWSTS000000824249** और **ABLNWSTS000000709727** | 12-11-2026 एवं एनपीए तिथि 03-11-2026 दिनांक 11-11-2026 तक रु. 95,53,460.53/- | संपत्ति नंबर-1-ग्राम-मोरा, परगना, तहसील और जिला-लखनऊ, उत्तर प्रदेश में स्थित आवासीय संपत्ति का वह सम्पूर्ण हिस्सा एवं अंश, जो खसरा नंबर-773 मिनजुमला पर स्थित प्लॉट नंबर-22 पर बना है। इसका क्षेत्रफल 1800 वर्ग फुट है। और इसकी सीमाएं इस प्रकार हैंः पूर्व - 20 फीट चौड़ी सड़क। पश्चिम - प्लॉट नंबर 18, उत्तर - प्लॉट नंबर 21, दक्षिण - प्लॉट नंबर 23 संपत्ति नंबर 2 - ग्राम - मोरा, परगना, तहसील और ज़िला - लखनऊ, उत्तर प्रदेश में स्थित प्लॉट नंबर 21, खसरा नंबर 773 मिनजुमला वाली ज़मीन पर बना आवासीय संपत्ति का वह सम्पूर्ण हिस्सा एवं अंश, जिस पर प्लॉट स्थित है और जिसका क्षेत्रफल 1550 वर्ग फुट है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैंः पूर्व-20 फुट चौड़ी सड़क, पश्चिम - प्लॉट नंबर 20, उत्तर - 20 फुट चौड़ी सड़क, दक्षिण - प्लॉट नंबर 22 |

उपरोक्त अंकित संबंधित मांग सूचनाओं की तिथि में अधिक विशिष्ट रूप में उल्लिखित दर पर भावी ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, भुगतान तथा/अथवा वसूलीकरण की तिथि तक उपगत आकस्मिक व्ययों, लागतों, शुल्कों, इत्यादि के साथ। यदि उक्त उधारकर्ता, उपर्युक्तानुसार एबीसीएल को भुगतान करने में विफल होंगे तो एबीसीएल उक्त अधिनियम की धारा 13(4) तथा प्रयोज्य नियमावली के अंतर्गत, लागतों एवं परिणामों से संबंधित उक्त उधारकर्ता/विधिक उत्तराधिकारी(रियों)/विधिक प्रतिनिधि(यों) के संपूर्ण जोखिम पर उपरोक्त प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों)/अचल संपत्ति(यों) के समक्ष कार्रवाई करेगी।

उक्त उधारकर्ता/विधिक उत्तराधिकारी(गण)/विधिक प्रतिनिधि(गण) को उक्त अधिनियम के अंतर्गत प्रतिबंधित किया जाता है कि वे एबीसीएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना, विक्रय, पट्टा के माध्यम से अथवा अन्यथा उपर्युक्त प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों)/अचल संपत्ति(यों) का हस्तांतरण नहीं कर सकेंगे। कि कृपया ध्यान दें कि यह एक अंतिम सूचना है जिसे वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) की धारा 13(2) के अंतर्गत निर्गत किया गया है। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि एबीसीएल, समग्र रूप में उधारकर्ताओं के जोखिम, उत्तरदायित्व एवं लागतों पर उनके विरुद्ध उपरोक्त संदर्भित किसी अथवा समस्त अधिकारों को प्रयोग करने के अपने अधिकार के अंतर्गत कार्रवाई करेगी।

दिनांक : 17-11-2026 स्थान : लखनऊ, — प्राधिकृत अधिकारी आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड


# सहारनपुर : मां का दूध पीने वाले शिशुओं की दर में आई गिरावट

सहारनपुर, 16 नवंबर (जनसत्ता)।

सहारनपुर जनपद में मां का दूध पीने वाले शिशुओं की दर लगातार घट रही है जो उनके स्वास्थ्य के लिए बेहद चिंतादायक है। सीएमओ डा शेर सिंह कक्कड़ सोमवार को कहा कि शिशुओं के शुरूआती छह माह तक मां का दूध पीने से बेहतर विकास होता है।

**पिछले** सर्वेक्षण-में स्तनपान की दर 67.4 फीसद दर्ज की गई थी। **हालिया** सर्वे में यह केवल 21.2 फीसद रह गई।

डा कक्कड़ ने बताया कि सहारनपुर में गिरावट 46.2 फीसद दर्ज की गई है। पहले यह 67.4 फीसद थी। हालिया सर्वे में यह केवल 21.2 फीसद रह गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-छह के आंकड़े बहुत चिंताजनक हैं। स्तनपान करने वाले छह माह के शिशु की दर में आई इतनी भारी गिरावट परेशानी का कारण है। पिछले सर्वेक्षण-पांच में स्तनपान की दर 67.4 फीसद दर्ज की गई थी। यह शिशुओं के स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद गंभीर स्थिति है।

शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए मां का दूध कम से कम छह माह तक देना उनके स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। इससे शिशुओं को जरूरी पोषक मिलता है और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है।